# जर्मनी से परमाणु और मिसाइल तकनीक हासिल करने में लगा था पाकिस्तान

## जर्मनी की एक इंटेलिजेंस एजेंसी की रिपोर्ट में किया गया है दावा

भंडाफोड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान अपने हथियारों के जखीरे और क्षमता को किस हद तक विकसित करने में जुटा है, इसके सबूत जर्मनी के सारलैंड की घरेलू इंटेलिजेंस एजेंसी की रिपोर्ट में मिलते हैं। इस एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान, पाकिस्तान और कुछ हद तक सीरिया ने परमाणु और मिसाइलों जैसे व्यापक विनाश के हथियारों और उनके डिलिवरी सिस्टम को बनाने के लिए सामान और जानकारी हासिल करने की कोशिश की थी। डिलिवरी सिस्टम में मिसाइल लॉन्च करने की क्षमता शामिल होती है। गौरतलब है कि कुछ वक्त पहले ही जर्मनी ने पाकिस्तान को एक झटका दिया था। पाकिस्तान ने अपनी पंडुब्बियों को पानी के नीचे रखने के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन देने से इनकार कर दिया था।




**पाकिस्तान की अवैध गतिविधियां हैं जारीः** द जेरुसलम पोस्ट की रिपोर्ट के हवाले से पिछले साल यहां सुरक्षा को पैदा हुए खतरे पर यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि जर्मनी और दुनिया के कई देशों में पाकिस्तान की परमाणु हथियारों से जुड़ीं अवैध गतिविधियां जारी हैं। पाकिस्तान न्यूक्लियर और कैरियर टेक्नॉलजी के लिए विस्तृत प्रोग्राम चलाता है और अपने सबसे बड़े दुश्मन भारत के खिलाफ ताकत बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में विस्तार और आधुनिकीकरण करना चाहता है।

**ऐसे जुटाते हैं जानकारियांः** द पोस्ट ने सारलैंड डमेस्टिक इंटेलिजेंस एजेंसी से इस बारे में जानकारी ली कि 2019 में ईरान ने कैसे अवैध सामान की मांग की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन देशों की इंटेलिजेंस सर्विस जर्मनी में अलग–अलग स्टाफ लेवल पर आधिकारिक प्रतिनिधियों के रूप में मौजूद हैं। इससे वे दूतावास या प्रेस एजेंसी में इंटेलिजेंस का काम करते हैं जबकि लगते अधिकारी हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि ये लोग खुले में या छिपकर जानकारियां जुटाते हैं और इनके देशों के हेडक्वॉर्टर्स से चलाए जा रहे ऑपरेशन्स के तहत आर्थिक या राजनीतिक जरूरतों के हिसाब से गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इसमें ईरान और चीनी खुफिया एजेंसियां भी शामिल हैं।

**जर्मनी ने पाकिस्तान को दिया था झटकाः** जर्मनी से पाकिस्तान ने ।प्च मांगा था ताकि उसकी पनडुब्बियों को सतह पर ना आना पड़े। ।प्च सिस्टम से पनडुब्बियों की जंगी क्षमता भी बड़ जाती है क्योंकि इससे डीजल इंजन बिना अटमॉस्फीरिक हवा के हफ्तों चल सकते हैं। परंपरागत पनडुब्बियों को हर दूसरे दिन सतह पर लौटना पड़ता है जिससे उनके पकड़े जाने का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, जर्मन फेडरल सिक्यॉरिटी काउंसिल ने 6 अगस्त को अपना फैसला सुना दिया और पाकिस्तान को यह देने से इनकार कर दिया।

## न्यूज डायरी



### पैंगोंग शो झड़प, चौकियों पर पहले चढ़ बैठे भारत के सैनिक, चीनी रह गए हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। लद्दाख में मुस्तैद भारतीय सेना ने धोखेबाज चीन की चाल को नाकाम करते हुए कुछ रणनीतिक रूप से अहम जगहों पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। अंग्रेजी अखबार द टेलिग्राफ ने एक आधिकारिक सूत्र के हवाले से दावा किया है कि भारत ने पैंगोंग शो झील इलाके के कुछ रणनीतिक रूप से अहम जगहों पर अपनी पैठ मजबूत कर ली है। दरअसल, जैसे ही भारतीय सेना को चीनी धोखे की भनक लगी देश के जवान वहां मौजूद चौकियों पर पहले ही चढ़ बैठे। अखबार में कहा गया है कि चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने कथित तौर पर भारत के क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिश की थी। आधिकारिक सूत्र के हवाले से टेलिग्राफ ने कहा है कि चीन के हमले के जवाब में स्पेशल ऑपरेशन्स बटालियन ने पैंगोंग झील के पास पहाड़ी पर एक स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। सूत्र ने यह भी दावा किया है कि हालात के और तनावपूर्ण होने की आशंका है।

### स्वस्थ होते ही वतन वापस आएंगे नवाज शरीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट को आश्वासन दिया है कि वो जल्द ही देश वापस लौटेंगे। उन्होंने कहा कि कोविड–19 महामारी के कारण लंदन में उनके इलाज में देरी हो रही है। पाकिस्तान मुस्लिम नवाज सुप्रीमो ने सोमवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में एप्लिकेशन दायर किया। इसमें एवेनफिल्ड भ्रष्टाचार मामले में जारी सुनवाई में पेशी से छूट की मांग की। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, शरीफ ने कोर्ट से मामले की सुनवाई टालने की या फिर यह सुनवाई उनके रिप्रेजेंटेटिव्स की मौजूदगी में कराने की अपील की है। इन याचिकाओं पर मंगलवार को हाई कोर्ट विचार करेगा। अपने दो अलग–अलग आवेदनों में शरीफ ने अपने स्वास्थ्य व देश वापस लौटने को लेकर प्रतिक्रिया दी है। पूर्व प्रधानमंत्री सुनवाई में पेशी से फिलहाल छूट चाहते हैं।

### तालिबान ने अफगानिस्तान में सैन्य अड्डे पर किया हमला, तीन की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। शांति वार्ता की तैयारियों के बीच अफगान सरकार और तालिबान में तनातनी का दौर अभी भी जारी है। इसकी ताजा बानगी मंगलवार सुबह उस समय देखने को मिली जब तालिबान आतंकियों ने एक सैन्य अड्डे पर हमला कर दिया, जिसमें लोक सुरक्षा बल के कम से कम तीन जवानों की मौत हो गई। पाकिस्तान प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल रहमान मंगल ने कहा कि इस हमले में पांच अन्य जवान घायल हो गए।

मंगल ने बताया कि प्रांत की राजधानी गारदेज में कार सवार एक आत्मघाती हमलावर ने अड्डे के प्रवेश द्वार को निशाना बनाया और इसी दौरान दो बंदूकधारी सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने लगे। उन्होंने बताया कि 10 मिनट तक दोनों ओर से हुई गोलीबारी में सुरक्षाबलों ने दोनों हमलावरों को मार गिराया है। क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा है कि गारदेज में हुए हमले की जिम्मेदारी समूह लेता है।

### तेज भूकंप के झटकों से दहला वलेनार, रिक्टर स्केल में 6.8 मापी गई तीव्रत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चिली। चिली में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.8 और 23 किमी गहराई में मापी गई है। बता दें कि भूकंप का केंद्र चिली में वलेनार था। फिलहाल, किसी तरह के कोई नुकसान की जानकारी नहीं है। बता दें कि इससे पहले भी चिले में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसी साल मई में चिली में ला सरेना से 38 किलोमीटर दूर पश्चिमोत्तर में भूकंप के मध्यम दर्जे के झटके महसूस किए गए। हालांकि, इसकी तीव्रता इतनी नहीं थी। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गई थी। भूकंप का केंद्र 29.6191 डिग्री दक्षिण अक्षांश तथा 71.4779 डिग्री देशांतर पर जमीन की सतह से 61.89 किलोमीटर की गहराई में था।

## दोनों देशों के बीच सीमांकन नहीं होने से परेशानीः चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन के विदेश मंत्री वॉन्ग यी का कहना है कि भारत–चीन सीमा का सीमांकन अभी होना बाकी है और इसकी वजह से हमेशा परेशानियां रहेंगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को अपने नेतृत्व के बीच कायम सहमति को लागू करना चाहिए और मतभेदों को विवादों में बढ़ने नहीं देना चाहिए। उन्होंने एक बार फिर भारत के साथ बातचीत के जरिए मुद्दा सुलझाने की बात दोहराई है।

वॉन्ग इन दिनों यूरोप के दौरे पर हैं और भारत से सीमा तनाव पर यह बात उन्होंने पेरिस में फ्रेंस इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनैशनल रिलेशन्स में एक कार्यक्रम के दौरान कही। भारत और जापान के साथ चीन के संबंधों को लेकर सवाल के जवाब में वॉन्ग ने लद्दाख में चीनी सेना की कार्रवाई पर खुलकर बात नहीं की। हालांकि, उन्होंने कहा, भारत और चीन के संबंधों ने हाल में सभी पक्षों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। चीन और भारत के बीच सीमा का सीमांकन नहीं हुआ है। इसलिए ऐसी परेशानी हेशा रहेगी। हम भारत के साथ सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए सुलझाने के लिए तैयार हैं।

वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिन ने कहा कि चीन के सैनिक हमेशा से कड़ाई से वास्ध्तविक नियंत्रण रेखा का पालन करते हैं।



## रूस की महिला के मुंह में जा बैठा एक मीटर लंबा सांप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। डॉक्टरों के सामने कई बार ऐसी मेडिकल इमर्जेंसी आती हैं जिन्हें देखकर लोग हैरान रह जाएं। हालांकि, रूस के दागिस्तान में डॉक्टरों ने एक महिला का ऐसा इलाज किया कि वे खुद भी देखते रह गए। दरअसल, यहां के एक अस्पताल का वीडियो सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि एक महिला के मुंह से सांप एक मीटर लंबा सांप निकल है जिसे देखकर डॉक्टरों के होश भी उड़े हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह महिला अपने घर के आंगन में सो रही थी जब उसके मुंह में एक मीटर लंबा सांप घुस गया। अस्पताल ले जाए जाने पर डॉक्टरों ने उसके मुंह से सांप निकाला और इस पूरे ऑपरेशन का वीडियो बनाया गया।

## दाऊद के 'घर' में बाढ़, गुस्साए लोगों ने प्रशासन के कार्यालय पर किया पथराव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान के कई शहरों में इन दिनों बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। वहीं, कई जगहों पर प्रशासन की लापरवाही का सच भी उजागर होने लगा है। ऐसा ही कुछ इन दिनों कराची में चल रहा है जहां के पॉश इलाकों तक के लोग प्रशासन के लचर रवैये के विरोध में सड़कों पर हैं। कराची के डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी में रहने वाले लोगों ने कैंटोनमेंट बोर्ड क्लिफटन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। खास बात यह है कि यह वही इलाका है जहां अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का घर होने की बात

सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक मतदाताओं को लुभाने में लगे हुए हैं

कही जाती है।

**सीवर का पानी ओवरफ्लोः** कराची के DHA में रहने वाले लोगों का कहना है कि उनके घरों के अंदर पानी भर गया। सीवरेज लाइन ओवर फ्लो होकर घर में पानी भर गया। पांच दिन से पानी भरा है और लाइट नहीं आ रही है।

लोगों ने सवाल किया है कि आखिर ऐसे इलाके में, जहां लोग लाखों रुपये का टैक्स देते हैं, वहां ऐसी बदहालत है तो बाकी कराची में क्या होगा। गुस्साए लोगों ने प्रशासन के कार्यालय पर पथराव भी किया।

**यहीं रहता है दाऊदः** बता दें कि पिछले दिनों जब पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों और उनके आकाओं पर प्रतिबंध की लिस्ट जारी की थी, तो उसमें दाऊद इब्राहिम का नाम शामिल कर तीन पतों का जिक्र भी किया गया था। इस दस्तावेज में शामिल उसके अड्रेस में कराची के क्लिफ्टन में सऊदी मस्जिद के पास वाइट हाउस, हाउस नंबर 37, 30वीं स्ट्रीट–डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी और नूराबाद में पलेशियल बंगले का जिक्र किया गया है। कराची शहर में बीते गुरुवार साल 1967 के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई थी।

## दमिश्क के दक्षिणी हिस्सों में इजराइल ने मिसाइलें दागीः सीरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दमिश्क। सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी हिस्सों में इजराइली सेना ने सोमवार रात मिसाइलें दागी। सीरिया के सैन्य अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। सीरियाई सेना के एक अधिकारी ने बिना विस्तृत जानकारी दिए बताया कि सीरिया ने भी बचाव में "निशानों" पर गोलीबारी की। किसको निशाना बनाया गया, यह स्पष्ट नहीं है लेकिन सरकारी टीवी चौनल ने बताया कि सीरिया के इजराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स में युद्धक विमानों द्वारा हमले किए गए और ये हवाई हमले स्थानीय समयानुसार रात 11 बजे से थोड़े पहले किए गए। दमिश्क के निवासियों ने भी शहर के दक्षिणी हिस्सों से जोरदार विस्फोटों की आवाज आने की बात कही। विपक्ष के युद्ध निगरानी समूह ने कहा कि इजराइल की सेना ने दमिश्क के दक्षिण में सैन्य चौकियों को निशाना बनाया। वहीं ब्रिटेन स्थित 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि सीरिया ने जवाबी कार्रवाई में हवाई हमले किए। इजराइल विरले ही ऐसी खबरों पर प्रतिक्रिया देता है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि उसने सीरिया में ईरानी सैनिकों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं।